FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत तहसीलदार मण्डावर मुकाम–मण्डावर (दौसा)

सरकार .... बनाम .... प्रकाश वगै0

किस्म मुकदमा– भू0 राजस्व अधि0 1956 की धारा 91 प्रकरण संख्या–04 सन्–2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्य जज **मुकदमा नम्बर–04/2022**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
31.05.2022	पत्रावली पेश हुई। पटवारी हल्का द्वारा रिपोर्ट इस आशय से पेश की सम्वत् 2079 ग्राम उकरूंद भूमि ख0न0 236 रकबा 0.0025 है0 राजकीय सिवायचक भूमि किस्म गै0मु0 रास्ता पर गैर सायलान प्रकाश पुत्र चम्पालाल , पप्पू पुत्र सुन्दरलाल जाति मीना निवासी उकरूंद द्वारा जोतकर अतिक्रमण कर लिया है। अतिक्रमी की रिपोर्ट पेश होने पर दर्ज रजिस्टर कर गैर सायलान को राजस्थान भू0–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया गया। गैर सायलान को बार–बार नोटिस भेजने पर भी गैर सायलान उपस्थित नहीं हुए। एवं ना ही गैर सायलान द्वारा कोई जवाब पेश किया गया। जिससे गैर सायलान का अतिक्रमण सिद्ध होता है। पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं पाया गया कि उक्त प्रकरण नियमन योग्य नहीं है। अतः गैर सायलान का अतिक्रमण सिद्ध होने से गैर सायलान को उक्त अतिक्रमित भूमि से बेदखल किया जाता है तथा भू–राजस्व लगान दर 0.11 रूपये का 50 गुणा 6 रूपये पेनल्टी राशि से दण्डित किया जाता है। बेदखली, वसूली हेतु आई0एल0आर0/पटवार हल्का को लिखा जावे। मांग कायमी TRA करावे। बाद तकमील पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। तहसीलदार तहसील मण्डावर (दौसा) टी0 ला0 स0 4 वर्ष 22-23 की क्र0 सं0 51 पर 6 रू मांग कायम की गई। तहसील राजस्व लेखाकार	